राजस्थान सरकार
चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग,स्वास्थ्य भवन, तिलक मार्ग, राजस्थान, जयपुर

क्रमांक : 341 | दिनांक: 27/3/20

प्रधानाचार्य एवं नियंत्रक
एस0 एन0 मेडिकल कॉलेज,
जोधपुर।

विषय– जैसलमेर जिले में विदेश से लाये गये 484 Evacuees की COVID-19 के सेम्पल लेने बाबत।

उपरोक्त विषयान्तर्गत निर्देश है कि जिला जैसलमेर में विदेश से लाये गये 484 Evacuees को आर्मी स्टेशन, जैसलमेर में 14 दिन के लिए क्वारेन्टाईन हेतु रखा गया है।

जिन Evacuees को जैसलमेर में क्वारेन्टाईन हुए 14 दिन पूर्ण हो चुके है उन Evacuees की कोविड–19 के सैम्पल की जांच की जानी है। अतः इस सम्बन्ध में आपको निर्देशित किया जाता है कि आप उक्त Evacuees के सैम्पल कलेक्शन हेतु निम्नानुसार बिन्दुओं की पालना अविलम्ब सुनिश्चित करें–

- Evacuees के लिये गये सभी सैम्पल की जांच **AIIMS Jodhpur** में की जानी है, अतः आप सैम्पल लेने से पूर्व निदेशक, **AIIMS Jodhpur** व मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जैसलमेर से समन्वय स्थापित कर आवश्यक तैयारिया करना सुनिश्चित करे ।
- आपके संस्थान से एक आरआरटी टीम दिनांक 27.03.2020 को जैसलमेर पंहुचकर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जैसलमेर को रिपोर्ट करें। आरआरटी टीम के सदस्य सैम्पल कलेक्शन हेतु आवश्यक लॉजिस्टिक्स साथ ले जाना सुनिश्चित करें । आरआरटी टीम सेम्पल कलेक्शन के बाद लिये गये सभी सैम्पल को **AIIMS Jodhpur** में जमा करवायें।
- सैम्पल की प्राप्त जांच रिपोर्ट को अविलम्ब राज्य स्तर पर लाईन लिस्टिंग के साथ IDSP अनुभाग, निदेशालय चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाये राजस्थान, जयपुर को आवश्यक रूप से भिजवायें।

(रोहित कुमार सिंह)
अतिरिक्त मुख्य सचिव
चिकि0 एवं स्वा0 विभाग, राजस्थान

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है:–

1. निजि सचिव, शासन सचिव, चिकित्सा शिक्षा विभाग, राजस्थान, जयपुर
2. निजी सहायक, निदेशक (जन स्वा.), चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें, राजस्थान, जयपुर।
3. जिला कलक्टर जोधपुर/जैसलमेर
4. अति0 निदेशक (ग्रामीण स्वास्थ्य) चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें, राजस्थान, जयपुर।
5. संयुक्त निदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें, जोन जोधपुर
6. मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जोधपुर
7. मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जैसलमेर को भेजकर निर्देश है कि आप जिला आरआरटी टीम को जोधपुर से आने वाली आरआरटी टीम के साथ सैम्पल लेने हेतु पाबन्द करें तथा आज ही निदेशक AIIMS, प्रधानाचार्य एवं नियंत्रक एस0एन0 मेडिकल कालेज, जोधपुर व आर्मी स्टेशन जैसलमेर के सम्बन्धित अधिकारी से समन्वय स्थापित कर सैम्पलिंग की समस्त प्रक्रिया करवाना सुनिश्चित करें।
8. प्रभारी सर्वर रूम को भेजकर लेख है कि सम्बन्धित को ईमेल कराने के साथ विभागीय बेबसाईट पर अपलोड करना सुनिश्चित करें।

अति0 निदेशक (ग्रामीण स्वास्थ्य)
चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें, राजस्थान